(10)

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 116/2020

बजरंग लाल ढेवा पुत्र स्व0 श्री ज्ञानाराम ढेवा, ग्राम शोभा का बास, पोस्ट लादूसर, जिला झुंझुनूं 333011

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 25.11.2020

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 0**3.11.2020** को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 116/2020 पर दिनांक 03.11.2020 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2020/1875 –1876 दिनांक 03.11.2020 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर ने पत्रांक राजस्व/2020/1036 दिनांक 19.11.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी द्वारा इस कार्यालय मे आर0टी0आई आवेदन प्रेषित किये जाने पर इस कार्यालय के पत्र कमांक राजस्व/2020/1031 दिनांक 06.11.2020 द्वारा उक्त आवेदक को सूचना भिजवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित।
6. लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) मलसीसर द्वारा पत्रांक राजस्व/2020/1036 दिनांक 19.11.2020 द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी का आवेदन पत्र उनके कार्यालय में प्राप्त होने पर उनके कार्यालय के पत्रांक राजस्व/2020/1031 दिनांक 06.11.2020 द्वारा आवेदक को सूचना भिजवाई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 25.11.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यू0डी0खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं

जिला कलक्टर झुन्झुनू